卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
卐 उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाबा: 卐 आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् 卐
卐 मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् 卐 वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये 卐
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 122 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦6 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

तुर्की और सीरिया में भूकंप ने मचाई तबाही

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। तुर्की और सीरिया में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। न्यूज एजेंसी एएफपी के अनुसार सोमवार को तुर्की के नूर्दगी से 23 किमी पूर्व में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया। तकरीबन एक मिनट तक आए इस भूकंप की वजह से कई इमारतें ध राशायी हो गई है। इमारतों के मलबे के नीचे दबने से 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भूकंप से दोनों देशों को जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। तुर्की में 284 तो सीरिया में 237 लोगों की जान इस भूकंप के चलते गई है। वहीं, घायलों का आंकड़ा 1000 के पार चला गया है। सरकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

1500 रूपये के लिए कर दिया दोस्त का कत्ल

सनसनीखेज ट्रांसपोर्टर हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी के समीप स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी के मकान में दीवान बेड के अंदर ट्रांसपोर्टर का शव मिलने के रहस्य से पर्दा उठाते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुकेश की हत्या उसकी के दोस्तों ने महज 1500 रूपये लूटने के लिए की थी। बता दें प्रतापपुर पुलिस चौकी के समीप स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी में ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करने वाले मुरादाबाद निवासी मुकेश कुमार नामक व्यक्ति ने मकान बनाया। दो दिन पूर्व पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि मुकेश के मकान

से भीषण दुर्गंध आ रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मकान के मुख्य द्वार पर ताला जड़ा था। पुलिस ने ताला तोड़ कर अंदर देखा तो दीवान बेड दीवान बेड में गृहस्वामी मुकेश का शव पड़ा हुआ था। शव से भीषण दुर्गंध आ रही थी। मामले में मृतक के भाई मंगल सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी मछरिया थाना कटघर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 28 जनवरी से मुकेश का फोन बंद आ रहा था 4 फरवरी को उसका शव चादपुर सैनिक कालोनी में बैंड के अन्दर पाया गया। उसके रूपये व फोन गायब था। जानकारी करने पर पता चला कि 29 जनवरी को मुकेश कुमार के साथ उसके परिचित गौतम बाल्मीकि ,रवि कुमार उर्फ गोगली और दीपक ने कमरे में बैठकर शराब पी इसी बीच तीनों ने मुकेश कुमार की हत्या कर दी। मामले में एसएसपी के निर्देश पर एसपी अभय सिंह और क्षेत्राधि कारी चन्दना वर्मा के निर्देशन में खुलासे के लिए टीमों गठित (शेष पृष्ठ 7 पर)

कुख्यात तस्कर दबोचा,190 टिन लीसा बरामद

वाहन में खड़िया के नीचे छिपाकर लाया जा रहा था अवैध लीसा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसटीएफ टीम ने लीसा तस्करी का खुलासा करते हुए एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 190 टिन लीसा बरामद किया है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि वन सम्पदा एवं वन्य जीव तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध भी एसटीएफ को एक्शन मोड में लगाया गया है। एसटीएफ को सूचना मिल रही थी कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से लीसा की तस्करी की जा रही है। रविवार रात एसटीएफ कार्यालय देहरादून को सूचना मिली थी कि एक वाहन कैंटर संख्या यूके 04 सीए 8990

में सोमेश्वर क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध लीसा लाया जा रहा है, जिस पर सीओ एसटीएफ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ टीम ने उक्त वाहन को रामपुर रोड स्थित पंचायत घर के पास अचानक छापा मारकर पकड़ लिया, जिसमें बैठे लीसा तस्कर जगमोहन तिवारी पुत्र उमेश चंद्र तिवारी निवासी जज फार्म, हल्द्वानी को गिरफ्तार किया गया है जबकि कार्यवाही के दौरान वाहन चालक शोभन सिंह निवासी पहाड़पानी धानाचुली जनपद अल्मोड़ा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गये तस्कर के कब्जे से एक कैंटर वाहन में लदा 190 टिन लीसा बरामद किया गया है। दोनों तस्करों द्वारा अवैध लीसे को वाहन में खड़िये के कट्टों के नीचे छिपाकर लाया जा रहा था। पकड़ा गया तस्कर जगमोहन तिवारी जो कि वाहन स्वामी भी (शेष पृष्ठ सात पर)

बेकाबू ट्रक की टक्कर से महिला की मौत,एक गंभीर

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुरादाबाद रोड पर अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आकर एक महिला की दर्दनाक मृत्यु हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है जिसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उधर आरोपी ट्रक चालक की मौके से फरार होने की सूचना है।जानकारी के मुताबिक फैजुल नगर टंडोला थाना बादली टांडा जिला रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी श्याम सिंह पुत्र ध्यान सिंह अपनी पत्नी आरती तथा माता भगवती 40 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से सरवर खेड़ा में स्थित एक निजी अस्पताल (शेष पृष्ठ सात पर)

सिडकुल में गैस रिसाव से हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल में एक टैंकर से हाईड्रो क्लोरिन एसिड का रिसाव होने से हड़कम्प मच गया। आनन फानन में दमकल कर्मियों ने पहुंचकर टैंकर को खाली स्थान पर ले जाकर एसिडी को नष्ट किया। जानकारी के अनुसार सिडकुल की नेस्ले कंपनी के लिए हाइड्रो क्लोरिन एसिड लेकर टैंकर पहुंचा था। नेस्ले कंपनी के पास ही पार्किंग में टैंकर पार्क था। इसी बीच टैंकर से हाइड्रो क्लोरिन एसिड का रिसाव होने लगा। यह देख आसपास मौजूद कर्मचारियों के साथ ही राहगीरों में हड़कंप मच गया। आनन

फानन में सूचना नेस्ले कंपनी के अधि कारियों को देने के साथ ही पुलिस और दमकल कर्मियों को भी दी गई। सूचना पर सीएफओ वंश बहादुर यादव, सिडकुल चौकी प्रभारी पंकज कुमार पुलिस और दमकल कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही टैंकर को नेस्ले कंपनी के (शेष पृष्ठ सात पर)

पैसा दोगुना करने के नाम पर 6.60 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑनलाईन पर दोस्ती कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसा दोगुना करने के नाम पर पंत विवि कर्मी से 6.60 लाख रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शैक्षणिक डेरी फार्म कार्यालय नगला पंतनगर यूनिवर्सिटी में कार्यरत डिकेन्द्र सिंह रावत पुत्र किशोर सिंह रावत निवासी टॉ कालौनी पंतनगर ने कहा है कि उसके द्वारा अपनी फेसबुक आईडी चलाते समय म्यूचुअल फ्रेंड में एक आईडी दिखाई दी। जिस पर उसने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। जो स्वीकृत होने के बाद मेसेंजर पर बात होने लगी। इसी दौरान उसने व्हाट्स नम्बर उपलब्ध कराए जिस परै बात होने लगी। डिकेन्द्र का कहना है इसी बीच उसने एक लिंक उपलब्ध कराया जिसमे उनके द्वारा अधि क लाभ देकर पैसे दुगने करने वाले एक लिंक के बारे में बताया। लिंक खोलने के पश्चात उसे इसमें इंटरनेशनल ट्रेडिंग मार्केट का एक पेज दिखाई दिया। बताई गई बातों के अनुसार उसने पैसा इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया। प्रथम किस्त 10 हजार रूपये फोन (शेष पृष्ठ सात पर)

अपर संख्याधिकारी से 50 हजार की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधि कारी कार्यालय में कार्यरत अपर संख्याधिकारी के खाते से ऑनलाईन 50 हजार रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अरविन्द मिश्रा अपर संख्याधिकारी कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधि कारी विकास भवन ने कहा है कि 24 दिसम्बर 2022 को वह डिमार्ट ओन लाईन शॉपिंग द्वारा घरेलू खाद्य सामग्री का आर्डर कर रहे थे। जिसमें डेविट कार्ड नम्बर डिटेल का आप्शन आया था। इसमें कार्ड (शेष पृष्ठ सात पर)

विकास भवन में गरजे सहकारी समिति कर्मी

रूद्रपुर (उद संवाददाता) तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आज सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन के बैनर तले जनपद भर से आए सहकारी समिति कर्मियों ने विकास भवन परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया।धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि पिछले कुछ समय से विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। इस संदर्भ में पूर्व में हुई वार्ता विफल होने पर आंदोलन भी किया गया। लेकिन मांगों का समाधा न नहीं हुआ। मांगों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा नानकमत्ता दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति लि. के कर्मियों का रुका वेतन तत्काल दिया

जाए, सी 57 प्रपत्र के संबंध में किए प्रस्ताव को निरस्त किया जाय, लंबित जांच पूरी की जाए तथा किसी भी स्थिति में कर्मचारियों का वेतन न रोका जाए। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, सचिव शुभम कुमार,उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी नपंकज अरोरा, दिलजीत सिंह, अरुण सोलंकी, (शेष पृष्ठ सात पर)

10.14 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस व एएनटीएफ ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष पुलभट्टा और उनकी टीम द्वारा ड्रग्स के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए गत रात्रि क्षेत्र में चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान अलीनगर जाने वाले रास्ते पर एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। जब उसने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना पाम पता रजत कुमार पुत्र नेम नारायण निवासी ग्राम बरा थाना

पुलभट्टा बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 10.14 ग्राम स्मैक बरामद की। कड़ी पूछताछ करने पर रजत कुमार ने बताया कि यह स्मैक वह पुलभट्टा तथा सितारगंज निवासी महिला सहित तीन लोगों से खरीद कर लाता है और पुलभट्टा में नशेडियों को बेचता है साथ ही खुद भी पीता है। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर रजत के खिलाफ मामला दज कर लिया।

जोशीमठ के सिंहधार में फिर बढ़ी दरारें

60 से अधिक मकानों में क्रैकोमीटर लगाए गए

जोशीमठ। जोशीमठ में पिछले कुछ समय से नई दरारें आने का मामला नहीं आया है। लेकिन जिन घरों में पुरानी दरारें आई थी वह अब फिर बढ़ने लग गई हैं। सिंहधार वार्ड के आशीष डिमरी ने बताया कि उनके मकान में दरार आने पर सीबीआरआई के वैज्ञानिकों ने क्रैकोमीटर लगाए थे। कुछ समय तक तो यह स्थिर रहे। लेकिन पिछले दो-तीन दिनों में दरारें बढ़ने लगी और क्रैकोमीटर ने जगह छोड़ दी। कहा कि यहां रहने में डर लग रहा है।

इसको लेकर उन्होंने प्रशासन को अवगत करा दिया है, लेकिन प्रशासन स्थिति को सामान्य बता रहा है। सीबीआरआई के वैज्ञानिकों का कहना है कि यहां पर 60 से अधिक मकानों में क्रैकोमीटर लगाए गए हैं। हमने इनका करीब 15 दिनों तक निरीक्षण किया है। अब प्रशासन को आगे की कार्रवाई करनी है। सिंहधार वार्ड के पास बदरीनाथ हाईवे पर पड़ी दरारें भी बढ़ रही हैं। प्रशासनिक अफसरों ने इसकी सूचना मिलते ही मौके पर जाकर मुआयना किया। साथ ही यातायात को नियंत्रित किए जाने पर विमर्श किया। हालांकि अन्य जगह से फिलहाल दरार बढ़ने की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय प्रशासन ने हाईवे की मरम्मत के लिए शासन को सूचित कर दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही हाईवे के सुधारीकरण का काम शुरू किया जा सकता है। भू धंसाव से असुरक्षित हुए घरों में लोगों ने लकड़ी की बल्लियां लगाई हुई हैं, जिससे मकान ध्वस्त न हो। अब प्रशासन ने सिंहधार वार्ड के पास एक भारी भरकम पत्थर को खिसकने से रोकने के लिए लोहे की बल्लियां लगा रखी हैं। सिंहधार वार्ड के प्राथमिक विद्यालय के पास भू धंसाव के चलते यहां घरों और खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें आई हुई हैं। यहां के लोगों को प्रशासन पहले ही राहत शिविरों में शिफ्ट कर चुका है। इस जगह पर एक बड़ा पत्थर है। जिसके नीचे दरार आई हुई है। पत्थर गिर गया तो भारी नुकसान हो सकता है। इसलिए प्रशासन ने पत्थर के नीचे लोहे के पाइप लगा रखे हैं, जिससे पत्थर खिसकने से रुक जाए। हालांकि यह पाइप पत्थर का वजन कितना सहन कर पाएंगे यह कहना मुश्किल है। नगर में भू धंसाव के कारणों को जांचने के लिए विभिन्न स्तर पर जांच की जा रही हैं। आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम भी यहां पर भू धसाव प्रभावित क्षेत्रों में जाकर मिट्टी की जांच कर रही है। साथ ही जमीन के अंदर की स्थिति का भी अध्ययन किया जा रहा है। अभी तक टीम ने 11 जगह पर जांच कर ली है। वहीं, टीम ने रविवार को जोशीमठ- औली रोपवे के टावर नंबर एक के पास भी मिट्टी और जमीन के अंदर की स्थिति का अध्ययन किया। इसके लिए टावर के पास गड्ढा बनाया गया है। जिससे पता चल सके कि भविष्य में टावर को इस भू धंसाव से खतरा हो सकता है या नहीं।

सुमना में बर्फ में दबे बीआरओ के तीन और मजदूरों के शव बरामद

चमोली। सुमना में हुए हिमस्खलन के चौथे दिन भी बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) के कैंप में सेना ने अपना रेस्क्यू कार्य जारी रखा। सोमवार को बर्फ में खोज के दौरान तीन मजदूरों के शव और मिले, जिन्हें सेना के हेलीकॉप्टर से जोशीमठ लाया गया। अब हादसे में मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। अभी भी 3 मजदूर लापता हैं, जिनकी सेना की ओर से उनकी खोज की जा रही है। जोशीमठ में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। 24 अप्रैल को बर्फबारी के दौरान बीआरओ के कैंप पर हिमस्खलन के कारण बीआरओ के मजदूर दब गए थे जबकि 384 मजदूरों को सेना के जवानों ने सकुशल निकाल दिया था। सोमवार को छह लापता मजदूरों में से तीन मजदूरों के शव बर्फ से बरामद किए गए। शव की शिनाख्त सर्किल सिंह (30) पुत्र जयराम सिंह निवासी पहरीडीहा, जस्टीकर थाना जरमुंडी दुमडा झारखंड, उपेंद्र सिंह (20) पुत्र रामप्रसाद सिंह निवासी पहरीडीहा जस्टीकर थाना जरमुंडी दुमका झारखंड के रूप में हुई जबकि तीसरे की शिनाख्त नहीं हो पाई है।वहीं, मलारी से आगे सड़क पर बिछी बर्फ को हटाने का काम भी जारी है। बीआरओ की तीन जेसीबी बर्फ हटाने में लगी हैं। सड़क से बर्फ हटने के बाद बीआरओ ने सुरक्षित दो हेलीकॉप्टर भी दिनभर जरूरी सामग्री को सुमना पहुंचाने में लगे रहे। हादसे के बाद से सेना और बीआरओ के उच्च अधिकारी भी जोशीमठ और सुमना में रेस्क्यू अभियान की लगातार मॉनीटरिंग में लगे हैं। भारत-चीन सीमा पर बीआरओ की ओर से सड़क मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बीआरओ की जेसीबी दिन-रात बर्फ हटाने में लगी हैं, जिससे जल्द से जल्द आपदा प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचा जा सके। बीआरओ अभी तक मलारी से 16 किलोमीटर तक सड़क सेबर्फ हटा चुका है।

बचे मजदूरों को वाहनों से जोशीमठ पहुंचाया। वहीं सुमना क्षेत्र में सोमवार को हालांकि चटख धूप खिली रही, लेकिन चारों ओर जमा भारी बर्फ से यहां ठंड पड़ रही है। दोपहर बाद आंधी चल रही है। बर्फ के कारण सेना के जवानों को रेस्क्यू में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं सेना के

गैरसैंण में होगा विधानसभा का बजट सत्र

कारोबारियों, उद्यमियों, वरिष्ठ नागरिकों से लिये जायेंगे सुझाव : अग्रवाल

देहरादून। उत्तराखंड के वित्त एवं संसदीय मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में होगा। बजट तैयार करने के लिए 27 फरवरी तक लोगों से सुझाव मांगे गए हैं। राज्य के विकास से जुड़े बेहतर सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि राज्य को भाजपा की डबल इंजन की सरकार का लाभ मिल रहा है। केंद्रीय बजट में उत्तराखंड का भी ध्यान रखा गया है। बजट में किए गए प्रावधानों से उत्तराखंड को विशेष लाभ मिलेगा। केंद्रीय करों में राज्य का अंश 25 प्रतिशत बढ़ गया है। गत वर्ष केंद्रीय करों में राज्य का अंश लगभग 9130 करोड़ था जो अब लगभग 11428 करोड़ हो जाएगा। राज्यों को 50 वर्ष के लिए दिए जाने वाले ब्याज मुक्त ऋण को एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। अग्रवाल ने बताया कि सरकार ने बजट पर लोगों से सुझाव मांगें है। इसमें ई-मेल, व्हाट्सअप के माध्यम से सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा बजट को लेकर कारोबारियों, उद्यमियों, वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद कर सुझाव लिए जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पटवारी-लेखपाल, एई भर्ती और जेई भर्ती के पेपर लीक होने के मामले में परीक्षा नियंत्रक पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक अनुभाग अधिकारी पेपर बेचता रहा लेकिन परीक्षा नियंत्रक को इसकी भनक नहीं लगी। राज्य लोक सेवा आयोग की आठ जनवरी को हुई पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया। आयोग के ही अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी इस प्रकरण में सलाखों के पीछे चले गए। इसके बाद एई भर्ती और फिर जेई भर्ती के पेपर लीक होने का मामला सामने आया, जिसके पेपर भी संजीव ने ही बेचे थे। आयोग का अनुभाग अधिकारी पेपर लीक करता रहा, लेकिन उन्हें इसकी भनक नहीं लगी। अब परीक्षा नियंत्रक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि डबल लॉक में रखे प्रश्न पत्र लीक होने से मुख्य परीक्षा नियंत्रक की कार्यप्रणाली भी सवालोंके घेरे में आ रही है। आयोग के अधिकारी फिलहाल कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक, शासन परीक्षा नियंत्रक की इस लापरवाही पर काफी खफा है। पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा रद्द करने के बाद 12 फरवरी को दोबारा हो रही है। एई और जेई भर्ती के पेपर लीक होने के बाद अब इनके भविष्य पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। माना जा रहा है कि आयोग इस सप्ताह होने जा रही बोर्ड बैठक में इन परीक्षाओं पर अहम फैसला ले सकता है।

यूपी की तर्ज पर उत्तराखंड में भी समाप्त हो गेहूं धान पर मंडी शुल्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया राइस मिलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पीडी अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी गेहूं धान पर मंडी शुल्क समाप्त किये जाने की मांग की की है। इस सम्बंध में श्री अग्रवाल ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेशित किया है। ज्ञापन में पीडी अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एक ओर जहां पूरे देश में खाद्य उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है उसी क्रम में, उत्तराखंड के राइस मिलर्स एवं फ्लोर मिलों की मांग है कि, जिस प्रकार मदर स्टेट उत्तर प्रदेश से 28 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश में संचालित प्रसंसरण इकाइया राइस मिल ,फ्लोर मिल उद्योगो पर लगने वाले मंडी शुल्क एवं विकास सेस को पूर्णत: समाप्त कर दिया है उसी प्रकार उत्तराखंड राज्य में भी राइस मिल एवं फ्लोर मिलो पर लगने वाले मंडी शुल्क एवं विकास सेस को पूर्णत: समाप्त किया जाये। श्री अग्रवाल ने कहा कि इससे एक ओर किसानो को उनकी उपज का अधिक मूल्य मिलेगा। दूसरी और राइस मिलें चावल मिलें उत्तर प्रदेश के उद्योगो की प्रतिस्पर्धा में जिन्दा रह सकेगी। भ्रष्टाचार से भी मुक्ति मिलेगी। उत्तर प्रदेश में राइस मिल व फ्लोर मिल को उपमंडी स्थल घोषित करने की व्यवस्था है ऐसी व्यवस्था होने पर मिल गेट पर किसान से सीधे खरीदे गये धान एवं गेहू पर कोई मंडी शुल्क नहीं देना होगा।

पेंशन के लिए स्थाई प्रमाण पत्र मांगने का विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। नगरपालिका सभासदों ने विभिन्न पेंशन योजनाओं मे स्थाई निवास प्रमाण पत्र मांगे जाने का विरोध किया है।नगर पालिका के सभासदों ने उप जिलाधिकारी किच्छा को किच्छा को एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि की तहसील किच्छा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए दिए जाने वाले प्रमाण पत्रों में स्थाई निवास प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है जबकि अन्य तहसीलों में इस प्रकार की कोई मांग नहीं की जा रही है पेंशन प्रमाण पत्र में स्थाई निवास प्रमाण पत्र की मांग की जाने के कारण आम जनमानस को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जिससे आम जनता को दी जाने वाली मूलभूत सुविधा दिए जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभासद पति प्रतिनिधि मोहम्मद आरिफ ने कहां कि इस प्रकार तहसील प्रशासन द्वारा स्थाई निवास प्रमाण पत्र की मांग किए जाने के कारण हजारों लोगों को विधवा , वृद्ध, विकलांग आदि विभिन्न प्रकार की दी जाने वाली आर्थिक सहायता या पेंशन मैं जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका के सभी सभासद एक राय होकर उप जिलाधिकारी महोदय से मांग करते हैं कि पेंशन प्रमाण पत्र में स्थाई निवास प्रमाण पत्र की की जा रही मांग को वापस लिया जाए ताकि आम जनमानस को और सुविधाओं से बचाया जा सके और सरकार की गरीबों तक योजनाएं पहुंच सके। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सभासद हसीब ,सभासद शोभित शर्मा, सभासद लियाकत, सभासद शबनम, सभासद सिमरन आदि मौजूद थे।

सरकारी आदेश का वाहन स्वामियों ने किया विरोध

चोरगलिया (उद संवाददाता)। हल्द्वानी वन निगम द्वारा गौला व नंधौर नदी में 108 क्विंटल आरबीएम निकालने की अनुमति थी, लेकिन इस सत्र में शासन द्वारा 108 क्विंटल से अधिक आरबीएम ले जाने की छूट वाहन चालकों को दी गयी है। जिसका गौला व नंधौर नदी के वाहन स्वामियों ने विरोध किया है। आज चोरगलिया नंधौर खनन समिति ने भी शासन के इस आदेश पर नाराजगी प्रकट की है। चोरगलिया के वाहन स्वामियों का कहना है, क्रेशर स्वामियों द्वारा सरकार के ऊपर दबाव बनाकर वजन को बढ़ाया गया ताकि क्रेशर स्वामियों को ओवरलोड आरबीएम मिल सके, ऐसे में वाहन स्वामियों का साफ तौर पर कहना है कि सरकार द्वारा पूर्व की भांति 108 क्विंटल की ही निकासी की जाए। अगर सरकार द्वारा वाहन स्वामियों की मांग नहीं मानी जाती है, तो वाहन स्वामी उग्र आंदोलन किया जायेगा। वहीं दूसरी तरफ हल्द्वानी आरटीओ संदीप सैनी ने बताया की वाहन की आरसी में उसकी भार ले जाने की क्षमता दर्ज होती है, इसी क्षमता से वाहन को बाहर ले जाना चाहिए, नियमों के विरुद्ध कोई वाहन अगर वजन ले जाएगा, तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि जहां एक तरफ उच्च न्यायालय द्वारा ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए थे, तो वहीं शासन द्वारा वाहन चालकों को वजन में छूट दी जा रही है।

डा. अभिलाषा पाण्डे बनी सीएचसी की चिकित्सा अधीक्षक

सितारगंज(उद संवाददाता)। डॉ. अभिलाषा पाण्डे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्हें अस्पताल के सभी प्रशासनिक व वित्तीय दायित्व भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीएमओ ने आदेश को संशोधित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अधीनस्थ चिकित्सा इकाइयों के समस्त वित्तीय एवं प्रशासनिक दायित्व अब तत्काल प्रभाव से उन्हें सौंप दिए हैं। कहा कि जिन उम्मीदों के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी गई है, उसका निर्वहन मेहनत व लगन के साथ पूरा किया जाएगा।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डॅंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-बेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मसूड़ों द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुच्चर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road , Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

हत्याकांड के बाद आरोपी पार्टनर और उसके दो बेटे फरार

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर अमरदीप चौधरी की उसी के साझेदार और उसके दो बेटों ने गोली मारकर हत्याकर दी। आरोपियों ने अमरदीप के सिर से तमंचा सटाकर दो गोलियां मारीं। अमरदीप के भाई पर भी फायरिंग की गई लेकिन गोली छूकर निकल गई। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। अमरदीप पूर्व में भाजयुमो का जिला उपाध्यक्ष रह चुका है और हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुआ था। रविवार रात करीब 11.30 बजे जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड के पास रहने वाले अमरदीप चौधरी को प्रॉपर्टी के कारोबार में उसके साझेदार राजकुमार मलिक ने फोन कर घर बुलाया था। अमरदीप मोटरसाइकिल से अपने दोस्त सोनू राठी के साथ ओलिविया स्कूल के पास स्थित राजकुमार के घर पहुंचे। वहां राजकुमार के दोनों बेटे भी मौजूद थे। यहां किसी बात को लेकर अमरदीप और राजकुमार के बीच कहासुनी के बाद धक्कामुक्की हो गई। इसी बीच राजकुमार के बेटे मनदीप और हर्षदीप ने तमंचे से अमरदीप पर फायरिंग कर दी। पहले

गोली उसकी कमर में लगी। इसके बाद आरोपियों ने सिर से सटाकर दो बार गोली चलाई जिससे अमरदीप की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने सोनू राठी पर भी फायर झोंक दिया। सोनू किसी तरह वहां से बचकर निकल गया। उसने तुरंत अमरदीप के भाई बादल चौधरी को फोन पर घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में बादल मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली बादल को छूकर निकल गई। मौके पर करीब 10 राउंड फायर किए गए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को एंबुलेंस से मेला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी क्राइम रेखा यादव, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ सिटी मनोज कुमार ठाकुर सहित कई थानों की पुलिस घटनास्थल और अस्पताल पहुंच गई। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस और एसओजी की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। अमरदीप चौधरी के खिलाफ हरिद्वार जिले में मारपीट समेत कई मामलों में मुकदमे दर्ज थे। उसे एक बार जिला बदर भी किया जा चुका है। इससे पहले गुरुकुल विश्वविद्यालय में वह छात्र राजनीति में काफी सक्रिय रहा था।

पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भिटौरी गांव निवासी सद्दीकन ने पुलिस को तहरीर में आरोप लगाया कि बीती तीन फरवरी की रात धारदार हथियार व लाठी लेकर पड़ोसी उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने उनके परिवार के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति अख्तर शाह पर हमला कर दिया। दोनों पुत्र नाजिम अली, मुस्तर अली ने पिता को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके पुत्र नाजिम के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। नातिन ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को मौके पर बुलाया। इसके बाद उसके घायल पुत्र नाजिम, पुत्रवधू रिजवाना को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख पुत्र व पुत्रवधू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दून-हरिद्वार स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास

देहरादून। आम बजट 2023 में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में रेल प्रोजेक्ट्स के लिए 5004 करोड़ रुपये की सौगात दी है। इससे जहां सामरिक महत्व की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट में तेजी आएगी तो वहीं हरिद्वार, देहरादून रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जाएगा। नौ अन्य स्टेशनों पर भी यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन प्रेसवार्ता कर बताया है कि यह रकम वर्ष 2009-14 की तुलना में 27 गुना अधिक है। वर्ष 2009-14 में यह महज 187 करोड़ रुपये था। इस बजट से देहरादून और हरिद्वार को वर्ल्ड क्लास स्टेशन के तौर पर विकसित करने की योजना है। मंडल रेल प्रबंधक अजय नंदन ने बताया कि हरिद्वार और देहरादून स्टेशन के ठीक ऊपर 45 से लेकर 117 मीटर चौड़ा रूप टॉप प्लाजा बनेगा। इसमें खानपान के साथ विश्राम करने की सुविधा होगी। यात्रियों के साथ इसका इस्तेमाल आम लोग भी कर सकेंगे। आम बजट-2023 में रेल परियोजनाओं के लिए उत्तराखंड को पड़ोसी राज्यों की तुलना में कई गुना अधिक धनराशि मिली है। पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश को 1538 करोड़, पंजाब को 4762 करोड़, हरियाणा को 2247 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक अजय नंदन ने बताया कि उत्तराखंड का बजट बढ़ाए जाने के बाद ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन समेत अन्य परियोजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने में मदद मिलेगी। काशीपुर, लालकुआं, रामनगर, टनकपुर, किच्छा, काठगोदाम, हर्रावाला, रुड़की और कोटद्वार रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट के साथ स्वचालित सीढ़ियां भी लगाई जाएंगी। बिल्डिंग का कायाकल्प, प्लेटफार्म का विस्तारीकरण, आधुनिक शौचालय, यात्री विश्राम गृह, वाटर एटीएम बूथ आदि का निर्माण होगा। देश में 750 रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन-एक उत्पाद योजना लागू की गई है। इसमें हरिद्वार और देहरादून स्टेशन शामिल हैं। यहां गैर सरकारी संगठन और संस्थाएं स्थानीय उत्पाद के स्टॉल लगाती हैं। रेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल वंदे भारत और वंदे मेट्रो ट्रेन के लिए उत्तराखंड के लोगों को फिलहाल इंतजार करना होगा। मंडल रेल प्रबंधक अजय नंदन के मुताबिक, बजट में उत्तराखंड के लिए वंदे भारत और वंदे मेट्रो ट्रेन को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। लेकिन, जिस तरह सरकार ने देश में 400 वंदे भारत ट्रेनों के संचालन का प्रावधान किया है, उससे उम्मीद है कि एक ट्रेन उत्तराखंड के हिस्से भी आ सकती है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत कोटद्वार रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन पुरानी सिग्नल प्रणाली की जगह कंप्यूटर के जरिये किया जाएगा। इसके लिए रेलवे की ओर से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक अजय नंदन ने बताया कि अब बहुप्रतीक्षित रुड़की-देवबंद रेल परियोजना के निर्माण कार्यों को भी गति मिलेगी। रुड़की रेलवे स्टेशन पर दो नए प्लेटफार्म का निर्माण करने के साथ ही नए फुट ओवर ब्रिज, स्वचालित सीढ़ी का निर्माण किया जाएगा। रुड़की ऐतिहासिक स्टेशनों में शामिल है। यह देश का पहला स्टेशन है, जहां वर्ष 1852 में पहली बार मालगाड़ी का संचालन किया गया था। हर्रावाला रेलवे स्टेशन को 105 करोड़ की लागत से टर्मिनल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां से 24 कोच वाली ट्रेनों का संचालन करने के लिए प्लेटफॉर्म का विस्तारीकरण कर नए प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। देहरादून से चलने वाली कई ट्रेनों का संचालन भी हर्रावाला से ही किया जाएगा। देहरादून से चुनिंदा ट्रेनें ही चलेंगी। हर्रावाला से हरिद्वार के बीच के पड़ने वाले डोईवाला, रायवाला और कांसरो जैसे स्टेशनों के कायाकल्प पर भी 150 करोड़ खर्च होंगे। इस बजट में भी बागेश्वर-टनकपुर, कर्णप्रयाग- बदरीनाथ, डोईवाला-गंगोत्री-यमुनोत्री जैसी रेल परियोजनाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बता दें कि धार्मिक, सामरिक और पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण इन रेल परियोजनाओं के लिए रेलवे सर्वे कर चुका है। लेकिन, अभी तक बात इससे आगे नहीं बढ़ पाई है।

महिला की संदिग्ध हालतों में मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)।घर से जेवर और नगदी लेकर बिना बताए गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मैं मौत के मामले में परिजनों द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने का अंदेशा जताया जा रहा है स वार्ड नंबर 1 के निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है तहरीर के आधार पर उसने कहा कि शनिवार को उसकी पत्नी घर से जेवर और नगदी लेकर लापता हो गई थी महिला के पति तथा अन्य परिजनों ने उसकी कई स्थानों पर और रिश्तेदारी में खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला स शनिवार की आधी रात को महिला के पति के पास एक निकटवर्ती ग्राम के एक युवक का फोन आया उसने बताया कि लापता हुई महिला ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है, जिसे हल्द्वानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है स इस बीच इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

रैली की सफलता पर जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस की युवा संकल्प रैली के आयोजक अक्षय बाबा ने रैली को सफल बनाएं जाने पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार से बेरोजगारी बढ़ रही है उससे से साबित हो गया है कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में फेल हो गई है। संकल्प रैली सरकार को जगाने का आगाज है । युवाओं ने संकल्प ले लिया है भाजपा सरकार को उखाड़ फेकना है।उन्होंने कहा की आगे भी युवाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जायेगा।

हाथ से हाथ जोड़ो के तहत लोगों को कांग्रेस से जोड़ेंगे कार्यकर्ता

काफलीगैर(उद संवाददाता)। राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान के बाद कांग्रेस अब आम जन से संवाद स्थापित करेगी।जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के निर्देश पर कथपुड़िया ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। ब्लाक अध्यक्ष गोपाल भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का निर्णय लिया, अध्यक्षता करते हुए ब्लाक अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है, कांग्रेस शासन में ही सबका साथ सबका विकास संभव था, उन्होंने

प्रगतिशील सम्रद्ध भारत के लिए इसे कांग्रेस का योगदान बताया, और सत्तारूढ़ भाजपा पर पूंजीपतियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बताया। वही बैठक में अब आम जन से मिलकर हाथ से हाथ जोड़कर अभियान में एकजुट होकर संगठन हित के लिए कार्य करने पर सहमति बनाई।इस दौरान बैठक का संचालन महासचिव किशोर टम्टा ने किया। बैठक में चंद्रशेखर मिश्रा,मोहन सिंह असवाल,बचे सिंह,तारा दत्त तिवाड़ी,सन्तोष कुमार,राजेन्द्र प्रसाद,कमल बिष्ट आदि मौजूद थे।

नेशनल आईएओएमआर-यूजी कनवेनशन आयोजित

टीएमयू के डेंटल स्टुडेंट्स आत्मसात करें नई टेक्नोलॉजी

मुरादाबाद(उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह बोले, डेंटल के स्टुडेंट्स नई टेक्नोलॉजी को आत्मसात करें। हम यूनिवर्सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जल्द से जल्द लागू करने का प्रयास करेंगे। प्रो. सिंह बोले, स्टुडेंट्स को आत्मनिर्भर बनने और चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। प्रो. रघुवीर सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित नेशनल आईएओएमआर-यूजी कनवेनशन 2023 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के एचओडी डॉ. प्रद्युमन वर्मा और सीमा डेंटल कॉलेज, उत्तराखंड की डॉ. रंजीता मेहता की ओर से क्विज प्रतियोगिता कराई गई। इस क्विज प्रतियोगिता में तीस छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रोग्राम में आईडीएसटी डेंटल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. शालू राय, एसडीसीएच, उत्तराखंड की एचओडी

डॉ. एस. कर्पागावली, कॉग्निसेंट टेक्नोखलॉजी, मुबंई के डॉ. नीरज तनेजा ने भी ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी में नई उपलब्धियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में पेपर प्रेजेंटेशन में विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स और ट्रॉफी वितरित किए गए। कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व टीएमयू के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल, ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के एचओडी एवम् ऑर्गेनाइजिंग चेयरमेन डॉ. एमके सुनील, डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के प्रेसिडेंट डॉ. सतीश रेड्डी, इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. गोपा कुमार, इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के सेक्रेटरी डॉ. प्रशान्त शिनॉय आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। इस मौके पर डॉ. नीलिमा गहलोत, डॉ. गीतान्शु डावर, डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. गरिमा येलुरी, डॉ. अंजलि नायक, डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ. सुरंगमा लहरी, डॉ. अनमोल राजदान, डॉ. ताव्या खान, डॉ. शलभ कुमार, डॉ. मेघानंद नायक, डॉ. रामकृष्ण येलुरी, डॉ. शलभ मेहरोत्रा, डॉ. प्रदीप तांगडे, डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. अभिनय, डॉ. राजीव पाठक, डॉ. तनवीर के., डॉ. मुकेश कुमार आदि की भी मौजूदगी रही।

प्रथम सर्विस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में रुद्रपुर ने काशीपुर को हराया

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में प्रथम सर्विस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर में हुआ जिस के मुख्य अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन उधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात किया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता पुराने खिलाड़ियों को एक मंच पर लाने के लिए की जा रही है, जिसका अनुभव हमारे प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिल सके। उद्घाटन मैच सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर और सीनियर क्रिकेटर काशीपुर के मध्य खेला गया रुद्रपुर के कप्तान पवन सहगल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया और काशीपुर के शिशिर शर्मा को बल्लेबाजी करने के लिए आर्मोत्रित किया। काशीपुर की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों के खेल में 12 ओवर में 69 रन पर ऑल आउट हो गई। काशीपुर की तरफ से गौरव शर्मा ने 16 दीपक अरोरा ने 11 रनों का योगदान दिया। सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर की तरफ से महेंद्र सिंह धानक नवीन टम्टा ने तीन-तीन विकेट लिए। रुद्रपुर ने निधरित लक्ष्य को 10 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। रुद्रपुर की तरफ से कप्तान पवन सहगल ने 20 तथा पवन आजाद ने 27 रनों का योगदान दिया और प्रथम सर्विस क्रिकेट लीग का उद्घाटन मैच सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर की टीम ने 8 विकेट से जीतकर 2 अंक प्राप्त किए हैस इस मैच के मैन ऑफ द मैच महेंद्र सिंह धानक को शानदार गेंदबाजी के लिए दिया गया। जिसको व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मैच के अंपायर दीपक आर्य और तरुण आर्य मैच की ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा द्वारा की गई।इस प्रतियोगिता में एसएसपी इलेवन, एनडीआरएफ, एजुकेशन डिपार्टमेंट,जीबी पंत यूनिवर्सिटी,अशोका लीलैंड, आईजीएल काशीपुर,प्रेस मीडिया उधम सिंह नगर और बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इस अवसर पर मौर्य क्रिकेट एकेडमी के एमडी आनंद कुमार मौर्य, आयोजक मंडल सचिव नूर आलम ,विनोद पवार ,संजीव बड़ौनी,जितेंद्र छाबड़ा, संदीप बधौरी,अवतार सिंह ,हर्ष वीर सिंह ,भूपेंद्र पोखरियाल,राहुल अनेजा, इंद्रनील कर ,बलवंत सिंह, शैलेंद्र शर्मा ,संदीप सिंह ,गौरव तिवारी ,आफताब आलम मौजूद रहे।

पर्वतीय उत्थान समिति के रविन्द्र अध्यक्ष, मनोज काण्डपाल सचिव बने

गदरपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय उत्थान समिति शाखा गदरपुर के त्रिवर्षीय हुए चुनाव में सर्व सम्मति से रविन्द्र आर्या अध्यक्ष, मनोज काण्डपाल सचिव एवं चम्पा पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुनी गयी। रविवार को ब्लाक कार्यालय सभागार में पर्वतीय उत्थान समिति की बैठक बलराम आर्या की अध्यक्षता में हुई। बैठक की कार्यवाही से पूर्व पिछला लेखो जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त नई कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से चुनाव किया गया। जिसमें रविन्द्र आर्या अध्यक्ष, चम्पा पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज काण्डपाल सचिव, गीता पपोला उप सचिव, अजीत बोरा कोषाध्यक्ष, बलवन्त सिंह दानू, गजेन्द्र सिंह बिष्ट विधिक सलाहकार, , इन्द्रमणि तिवारी आडिटर चुने गये। इसके अतिरिक्त सुमित उपाध्याय, ललित मिलखानी, जीवन सिंह बिष्ट, हीरा सिंह बिष्ट, दीपा पाण्डे, बहादुर सिंह नेगी, अंकुर काण्डपाल कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। बैठक का संचालन मनोज काण्डपाल ने किया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, डा. नवीन चन्द उपाध्याय, उमेश चन्द्र पांडे, तारादत्त मिलखानी, सुरेश चन्द्र पांडे, आन्नद बल्लभ जोशी, सुमित उपाध्याय, पदम सिंह बिष्ट, हीरा सिंह, नारायण सिह मेहरा, नन्दा बल्लभ भट्ट, इन्द्रमणि तिवारी, सुरेश चन्द्र तिवारी, प्रमोद कुमार टम्टा, हरीश चन्द्र पांडे, शेखर जोशी, मोहन लाल, मुन्नी पांडे, मुन्नी कार्की, मनाज पांडे, प्रेमा आर्या, गिरजा प्रसाद लोहनी आदि मौजद थे।

कैंसर को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। द हंस फाउंडेशन शिविर के दौरान ग्राम भगवानपुर व ग्राम संपतपुर में विश्व कैंसर दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य नीरू रानी की ओर से विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे. जे. कुमार ने कैंसर के लक्षण व कारण तथा कैंसर से बचने के लिए उपाय बताए ।साथ ही कहा कि कोई भी रोग हो समय रहते प्रशिक्षित योग्य डॉक्टर से परामर्श लेने का प्रयास करें अन्यथा कोई भी बीमारी गंभीर रूप ले सकती है जिससे जानलेवा भी हो सकता है।

योगेश पुनः बने श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महानगर अध्यक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की तिकोनिया स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक हुई। जिसमें शहर के सभी पत्रकार मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र बिष्ट और जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत ने सर्वसम्मति से योगेश शर्मा को पुनः हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। जिसका बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने समर्थन किया। योगेश शर्मा को पुनः महानगर अध्यक्ष बनाए जाने से पत्रकारों ने खुशी व्यक्त की। महानगर अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद योगेश शर्मा ने कहा कि वह संगठन की मजबूती के साथ ही हमेशा पत्रकार हितों के लिए संघर्ष करेंगे।

स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक चौकी प्रभारी राजपुरा उप निरीक्षक दिनेश जोशी के साथ आरक्षी ललित कुमार द्वारा गत सायं गश्त चेकिंग के दौरान राजपुरा पड़ाव के पास से संदिग्ध अवस्था में घूमते एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेश कुमार साहू ऊर्फ छंगा पुत्र राम करन निवासी राजपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 6.60 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में राजेश ने बताया कि वह स्मैक की छोटी छोटी पुड़िया बनाकर स्मैकियो को बेचने का काम करता है तथा पूर्व में स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है।

चोरी के मामले में फरार इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चोरी के दो अलग अलग मामलों में वांछित ईनामी अभियुक्त को मुखानी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार रमेश बोरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में थाने की गठित पुलिस टीम के उनि कमित जोशी प्रभारी चौकी लामाचौड़ थाना मुखानी के द्वारा चोरी के दो अलग अलग मामलों में वांछित चले रहे अभियुक्त आमिर पुत्र स्व. मुशीर निवासी मोहल्ला सिर्स टोला थाना तम्बौर जिला सीतापुर को थाना मुखानी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फायर स्टेशन के पास मण्डी बायपास जाने वाले रास्ते पर फायर स्टेशन की ओर आने वाली सड़क पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी की एक जोड़ी पायल व जोड़ी बिच्छु, एक जोड़ी धागुले व बिच्छुवे, एक गिलास, 3 जोड़ी जूते बरामद हुये। पुलिस टीम में उनि कमित जोशी प्रभारी चौकी आम्रपाली, उनि सुनील गोस्वामी, उनि ज्योति कोरंगा, उनि गुलाब सिंह कम्बोज, कानि. चन्दन सिंह नेगी, अरुण राठौर शामिल थे।

क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते एक सट्टोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा लगाते एक सटोरिए को हजारों की नगदी व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज भाकुनी के दिशा-निर्देशन मे बनभूलपुरा थाना पुलिस के एस आई संजीत कुमार राठौर, कानि. मुन्ना सिंह व रिजवान अली द्वारा बीती रात्रि एक सटोरिया पुरानी शराब भट्टी फर्नीचर लाईन के पास फोन से क्रिकेट मैच की ऑनलाइन व्हाट्स ऐप के माध्यम से सट्टा लगाते गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शहजाद अली पुत्र स्वर्गीय अजगर अली निवासी गफूर बस्ती वार्ड 24 थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता व नगदी 15050 रुपए बरामद हुई। पुलिस ने शहजाद अली के विरुद्ध थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शहजाद अली का आपराधिक इतिहास ज्ञात किया जा रहा है।

एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने जम्मू-कश्मीर की टीम को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी कार्बेट एफ सी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नई दिल्ली के ग्राउंड पर आयोजित अर्सनल कप यूथ फुटबॉल चौंपियनशिप में खेले गए एक मैच में जम्मू कश्मीर की टीम को पराजित कर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। यह जानकारी देते हुए एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा ने बताया कि एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी कार्बेट एफ.सी टीम ने टूर्नामेंट में अपना परचम लहराते हुए जम्मू- कश्मीर की टीम को 3-1 गोल से हराकर बढ़त हासिल की। उन्होंने बताया न्यू दिल्ली के ग्राउंड पर दर्शकों की मौजूद भारी भीड ने मैच का भरपूर आनंद लिया। दर्शक जमकर दोनों टीमों का हौसला बढ़ा रहे थे। उन्होंने बताया कि अब अगला मैच कार्बेट एफ. सी व सेंटक्रोम जम्मू -कश्मीर के बीच गोवा में होगा। इस जीत पर कोच अमित वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा पहले भी इसी तरह कार्बेट एफ. सी ने कई मैच जीते हैं आगे भी इसी तरह प्रयास करते रहेंगे। एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा व प्रधानाचार्य श्रीमती इंदिरा त्रिपाठी, श्रीमती गुरविंदर कौर सूरी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। टीम के क्वालीफाई करने पर एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने फुटबॉल और क्रिकेट दोनों खेलों में अपनी विशेष पहचान बनाई है तथा पूरे देश में उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

स्व. चंदन सिंह डसीला मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आनंद नगर तिलियापुर के गंगा सिंह क्रिकेट मैदान में स्व. चंदन सिंह डसीला मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राजू डसीला ने फीता काटकर किया। रविवार को तिलियापुर के (आनंद नगर) में आयोजित क्रिकेट मैच तिलियापुर तथा गोविंद नगर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तिलियापुर ने निधरित 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर 89 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोविंद नगर ने 9 विकेट गंवाकर 10 ओवरों में 90 रन बनाकर जीत हासिल की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए वरिष्ठ भाजपा नेता राजू डसीला ने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है। इधर, टैगोर नगर स्टेडियम में टैगोर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल मैच मार्केट 11 और इस्लाम नगर के बीच खेला गया। आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृति से दूर रखा जा सकता है।



शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक - श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण

समाज विरोधी ताकतों के खिलाफ रहना चाहिये एकजुट: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हिन्दू रक्षा दल के कार्यकारणी विस्तार कार्यक्रम पहुँचे विधायक शिव अरोरा, ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के शिव मंदिर में आयोजित हुए विस्तार कार्यक्रम में अनूप दत्ता , संरक्षक कुकरेजा , प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण पाल शर्मा, जिला अध्यक्ष कुलदीप खुराना, उपाध्यक्ष महेश गंगवार ओर जिला महामंत्री अनुज शर्मा ने पद भार ग्रहण किया। विधायक शिव अरोरा ने कार्यक्रम के दौरान कहा हिन्दू रक्षा दल समाज हित मे हिंदुत्व के कार्यो को मजबूती से आगे बढ़ाने का कार्य करता रहे ,जिससे समाज संगठित हो और समाज मे जन जागरण का कार्य घर घर तक चले हमारे लोग जगरूक हो और अपने धर्म संस्कृति का ज्ञान हमारी पीढ़ी को रहे ऐसा प्रयास होना चाहिये। विधायक शिव अरोरा ने कहा हमें कुछ असामाजिक ताकतों के खिलाफ भी सचेत रहना की आवश्यकता है और ऐसे ताकते के खिलाफ पूरजोर विरोध करना चाहिये , विधायक ने पूरी कार्यकारणी को बधाई दी और कहा आप हिन्दू संस्कृति को आगे ले जाने का कार्य करे वह उनके हर कार्य मे क्षेत्र का विधायक होने के नाते साथ खड़े हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा ऐसी लवजेहादी ताकतों रुद्रपुर किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, विराट आर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, राम अवतार, राजा भरद्वाज, गिरीश पाल, राजकुमार कोली, मनोज गंगवार, पंकज गुप्ता, सोनू वर्मा, मदन दिवाकर, भूपराम, डी के गंगवार, जी के शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। वही कार्यक्रम विस्तार में नवीन पदाधिकारियों को विधायक शिव अरोरा द्वारा सम्मान पत्र देकर उनको उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी जिसमे प्रदेश महामंत्री

केंद्र सरकार का आम बजट सराहनीय : इंतजार हुसैन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इन्तजार हुसैन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने वर्ष 2023–2024 का आम बजट पेश किया है जिसमें उन्होंने मध्यम वर्ग को बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को इस बजट से जोड़ा है जोकि सराहनीय है। 7 लाख रुपए की वार्षिक कमाई करने वाले को बड़ी राहत दी है इसमें देश का एक बहुत बड़ा कारोबारी नौकरी पैसा आता है जिसको बड़ी संख्या में आयकर छूट से लाभ मिलेगा।वित्त मंत्री ने महिला बचत सम्मान योजना भी इस आम बजट में दी है जिसमें महिलाओं को बचत करने के लिए बचत को प्रोत्साहित करने के लिए मील का पत्थर यह योजना साबित होगी इस योजना में 7. 5 फीसदी का सालाना ब्याज भी मातृशक्ति को प्राप्त होगा। वित्त मंत्री ने देश के किसानों का ध्यान रखते हुए किसानों के लिए श्री अन्न योजना लागू की है इस योजना के तहत ऐसे किसान जो मोटे अनाज का उत्पादन करते हैं उनको बढ़ावा मिलेगा किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। देश में कोरोना कॉल के बाद देश की आर्थिक मंदी की भी 7 फीसदी ग्रोथ बड़ी है देश के इकोनोमी का आधार बड़ा है देश दुनिया की 5 बी अर्थ व्यवस्था बन गया है यह अमृत काल का बजट है। इस बजट में रेलवे के लिए भी 2.4 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं रेलवे को आर्थिक रूप से उभारने की ओर ध्यान दिया है अर्बन इन्फ्राट्रक्चर के हर वर्ष 10 हजार करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे बजट नए भारत की समृद्धि का नया संकल्प है।

नेत्रदान कर अमर हो गए प्रेम सिंह

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई सरदार प्रेम सिंह ग्रोवर का आकस्मिक निधन हो गया। वह बहुत ही मधुर स्वभाव के धनी थे जीवन भर उन्होंने गुरु घर की सेवा करते हुए समाज में सभी को प्रेम से रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने पूरे परिवार को हमेशा एक सूत्र में पिरोह के रखा। उनके निधन के पश्चात उनकी इच्छानुसार पुत्रों ने दुख की घड़ी में भी समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए नेत्रदान हेतु सोचो क्पर्तिमदज संस्था से संपर्क किया तत्पश्चात सी एल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलता पूर्वक नेत्रदान लिए गए। उनके नेत्रों से किन्ही दो लोगो के जीवन में रोशनी आएगी। जिंदगी के बाद भी जिंदा उनकी आंखे जिंदा रहेगी। सरदार प्रेम सिंह के आकस्मिक निधन पर नगर की सोचो डिफ्रैंट संस्था,पंजाबी सभा,गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,व्यापार मंडल,जय भवानी जागरण मंडल सहित विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक,गैर राजनैतिक संगठनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

भागवत गीता के मुख्य सारों को जीवन मे चरितार्थ करें श्रोता: वेदाचार्य

बागेश्वर। वेद व्यास नवीन चन्द्र जोशी ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही सारे कष्टों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि सारे कष्टों का संहार ईश्वर स्मरण करने से होता है। इसलिए व्यभिचार छोड़ ईश्वर भक्ति पर मन लगाए।श्री जोशी दिव्येश्वर मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचन कर भक्तों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से ही शरीर के सारे कष्ट दूर हो जाते है। इस संसार में भौतिक सुखों के चलते मनुष्य ईश्वर भक्ति छोड़ दुर्व्यसन एवं अनैतिक कार्यो में ज्यादा मन लगा रहे है। जो उनके लिए तो घातक है ही साथ ही समाज के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा कि ईश्वर भक्ति से जहाँ मनुष्य को सन्मति प्राप्त होती है। वही उसके सांसारिक कष्ट भी दूर हो जाते है। श्री जोशी ने कथा वाचन करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत भगवान की है आरती जिससे नव ज्योति की दिव्य शक्ति शरीर व आत्मा को नई ऊर्जा प्रदान करती है। साथ ही पापियों को उनके पाप से भी तारती है । उन्होंने कहा कि इस दौरान श्रीश्री 108 ब्रह्मलीन देवनारायण गिरी महाराज के शिष्य भगीरथ गिरी,यजमान योगेश वर्मा मोनिका वर्मा, विनय लोहनी, नवीन चन्द्र, कैलाश पांडेय, मनीष वर्मा, हेम वर्मा, राजेन्द्र सिंह रावत, किशन गिरि, राम गिरी, किशन सिंह रावत, नंदन भरड़ा, राजेन्द्र सिंह भरड़ा, त्रिलोक कठायत, राजेन्द्र भंडारी, धीरज जोशी, लाल सिंह राणा, रघुवर दत्त पांडेय, विक्की काण्डपाल, विपिन पांडेय, बालम रौतेला आदि मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

कारखानों में बढ़ते हादसे

यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले कामगार अपनी मेहनत के बदले उचित पारिश्रमिक और भविष्य को लेकर तो आए दिन व्यवस्था से जूझते ही रहते हैं, रोज उन्हें ऐसी स्थितियों से गुजरना पड़ता है, जिनमें कभी भी उनकी जान जा सकती है। हाल ही में आए एक आंकड़े के मुताबिक, देश के पंजीकृत कारखानों में होने वाले हादसों में रोजाना औसतन तीन लोगों की मौत हो जाती और ग्यारह लोग घायल हो जाते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर पंजीकृत कारखानों में यह तस्वीर है तो असंगठित क्षेत्र में क्या हालत होगी, जहां किसी तरह के नियम-कायदे का पालन करना जरूरी नहीं समझा जाता। इस तरह के मामलों में पीड़ित तबका आमतौर पर बेहद गरीब और उपेक्षित होता है, इसलिए उनकी पीड़ा और अधिकारों की अनदेखी भी आम है। मगर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं की वजह से मजदूरों की मौतों के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लिया है। दरअसल हाल ही में केंद्रीय श्रम मंत्रालय के एक संस्थान से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर एक लेख में बताया गया कि 2018 से 2020 के दौरान औद्योगिक इकाइयों में होने वाले हादसों में कम से कम तीन हजार तीन सौ इकतीस लोगों की मौत हो गई। मगर अफसोसनाक यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं के लिए महज चौदह लोगों को सजा हो पाई। इसी मसले पर मानवाधिकार आयोग ने खुद संज्ञान लेते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और श्रम सचिवों को नोटिस जारी किया है और उनसे कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं में मजदूरों की मौतों का ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा है। आयोग ने यह भी माना है कि देश में पंजीकृत कारखाने काफी कम हैं। इसके समांतर जो कारखाने पंजीकृत नहीं हैं, उनमें हुए हादसों और मजदूरों के हताहत होने का श्रम विभाग के पास कोई ब्योरा नहीं होता है। बल्कि पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों में जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें भी जानमाल की क्षति को कितने वास्तविक रूप में दर्ज किया जाता है, यह कहा नहीं जा सकता। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि हाशिये के तबके के रूप में पहले ही कई तरह की वंचनाओं और अधिकारों के हनन के शिकार मजदूरों को किस त्रासदी से गुजरना पड़ता होगा। कहने को सरकार ने मजदूरों की सुरक्षा और सेहत को लेकर नई संहिता बना दी है। लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी इससे संबंधित प्रावधानों को अमल में नहीं लाया जा सका है। जबकि अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें सरकारें किसी नियम को लागू करने को लेकर बेहद संवेदनशील होती हैं और इसका उल्लंघन करने के आरोपी खासतौर पर कमजोर तबकों के लोगों को कई बार सख्त सजा भुगतनी पड़ती है। मगर कारखानों में हुई दुर्घटनाओं और उसके लिए जिम्मेदार लोगों या मालिकों तक के प्रति या फिर पीड़ितों को मुआवजे की नीति को लेकर सरकार को यही सजगता दिखाने की जरूरत नहीं लगती। गौरतलब है कि देश में नब्बे फीसद से ज्यादा मजदूर असंगठित क्षेत्र में और दिहाड़ी पर काम करके गुजारा करते हैं, जहां न केवल उनकी मजदूरी की हकमारी होती है, बल्कि बुनियादी मानवाधिकारों का भी हनन होता है। यों कामगारों के अधिकारों और काम करते समय उनकी सुरक्षा का मसला शायद सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा है। लेकिन आज भी अगर इसका कोई ठोस हल नहीं निकल सका है और अनेक मजदूर महज अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से जान गंवा बैठते हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी?

मुख्य कृषि अधिकारी पर अज्ञात लोगों ने किया जानलेवा हमला

बागेश्वर (उद संवाददाता)। मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा पर शनिवार की रात अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। उस वक्त वह कमरे में अपने बिस्तर पर थे। सवा दस बजे उनके कमरे के बाहर से अज्ञात व्यक्ति ने पहले दरवाजा खटखटाया।वही ठंड के मौसम में कमरे की खिड़की दरवाजे बन्द होने से वे अपने दोमंजिले मकान के पीछे कमरे में थे,मुख्य कर्षि अधिकारी सुघर सिंह ने बतायाअज्ञात हमलावर ने खिड़की जाली को काटकर अंदर की ओर फायरिंग की है।वही अकेले होने के चलते हमलावर ने उन पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की, गनीमत थी कि कमरे बन्द होने से हमलावर के हमला करने के दौरान वे पीछे कमरे में थे, वही हमले के बाद उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल मोबाइल से पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा को दी।रात में जब पुलिस आई तो उसके बाद वर्मा ने दरवाजा खोला।वही घटना की सूचना मिलते ही उनका स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया।वही पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की, कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है,वही मुख्य कर्षि अधिकारी और आसपास के लोगों से जानकारी लेकर जांच कर जल्द मामले का खुलासा करने और जबरन घर मे घुसकर गुंडागर्दी करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

एनसीसी बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा की तिथि घोषित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में एनसीसी कैडेटों के बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षाओं की तिथि घोषित हो गई है। ले. कर्नल रविंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि बी प्रमाण पत्र के लिए 11 फरवरी को प्रयोगात्मक व 12 को लिखित परीक्षा महर्षि विद्या मंदिर बिलौना में सुबह साढ़े दस से डेढ़ बजे तक होगी। सी प्रमाण पत्र के लिए 18 फरवरी को प्रयोगात्मक महर्षि विद्या मंदिर में होगी। लिखित परीक्षा 19 फरवरी को विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में सुबह साढ़े दस से अपराह्न डेढ़ बजे तक होगी। परीक्षाओं के लिए जिले में छः परीक्षा केंद्र बनाए गए है जिनमें महर्षि विद्या मंदिर बिलौना,राइका बनलेख,कपकोट, बोहाला, राइका गरुड़ बाजीरौठ,में परीक्षाएं आयोजित होंगी।जिनमें परीक्षा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। कैडेट अधिक जानकारी के लिए अपने विद्यालय के एनसीसी शिक्षक से संपर्क कर सकते हैं। ले. कर्नल रवींद्र भंडारी ने सभी कैडेटों को समय से अपने परीक्षा केंद्रों में पहुँचने की अपील की।

वैश्विक नेताओं की सूची में शीर्ष पर पहुंची पीएम मोदी की लोकप्रियता

दुनिया में लोकप्रियता के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के दूसरे दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। इन पिछड़ने वाले नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बहुत पीछे हैं। बिजनेसा इंटेलीजेंस कंपनी और मॉर्निंग कंसल्ट के ताजा सर्वे में वैश्विक नेता अनुमोदन सूचकांक में नरेंद्र मोदी ने 22 देशों के शीर्ष नेताओं को पीछे छोड़कर वैश्विक प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंच गए हैं। पहले पायदान पर पहुंचे मोदी ने 78 प्रतिशत समर्थन के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में मोदी के बाद मैक्सिको के राष्ट्रपति लोपेज ओब्रेडोर है। जिन्हें 68 प्रतिशत रेटिंग मिली है। तीसरे स्थान पर आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज है। जो बाइडेन को 40 प्रतिशत रेटिंग के साथ छठवां स्थान मिला है। ब्रिटेन में चुनावों के दौरान सुर्खियों में रहने वाले ऋषि सुनक 30 प्रतिशत रेटिंग्स के साथ 16वें स्थान पर है। मोदी की लोकप्रियता उन मुस्लिम देशों में बढ़ी है, जिन्हें समझा जा रहा था कि कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद ये देश मोदी के खिलाफ हो जाएंगे। यही नहीं भूख और मंहगाई से तबाह पाकिस्तानी आवाम अब कश्मीर का राग अलापने की बजाय अपने नेताओं से यह सवाल पूछ रही है कि कश्मीर के नाम पर लड़ी गई जंगों में गरीबी, भुखमरी और पिछड़ेपन के अलावा क्या मिला ? इधर कश्मीर में तिरंगा लहराने के साथ नया नारा लगाया जा रहा है 'आर-पार खोल दो, कारगिल को जोड़ दो'। यानी मोदी की लोकप्रियता का परचम चहुंओर है। जी-20 देशों की अध्यक्षता मिलने से इसे चार चांद लगे हैं। एक के बाद एक ऐशियाई व पश्चिमी देशों की यात्राओं में मिली अप्रत्याशित सफलताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक नेता के रुप में उभारकर प्रतिष्ठित कर दिया है। इस परिप्रेक्ष्य में ज्यादातर अप्रूवल रेटिंग एजेंसी के सर्वे में मोदी की हैसियत बढ़ी है। कोरोना महामारी के कारण कई देशों और उनके नागरिकों की आर्थिक स्थिति बद्हाल हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला समृद्ध देश अमेरिका भी इससे अछूता नहीं रहा। महामारी के चलते बड़े पैमाने पर लोगों ने रोजगार गंवाया और इसका असर यह हुआ कि अमेरिका में भूख की समस्या भयावह हो गई। अमेरिका की सबसे बड़ी भूख राहत संस्था 'फीडिंग अमेरिका' की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर-2021 के अंत में पांच करोड़ से ज्यादा लोग खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यानी अमेरिका का प्रत्येक छठा व्यक्ति भूखा था। यही नहीं बालकों के मामले में स्थिति का और भी बुरा हाल था, प्रत्येक चौथा बच्चा भूखा रहने को मजबूर हुआ। फीडिंग अमेरिका नेटवर्क ने एक महीने में 54.8 करोड़ आहार के पैकेट बांटे, जिन्हें प्राप्त करने के लिए अमेरिका के उटा में कारों में बैठकर लोग लंबी कतारों में लगे रहे। अमेरिका से आया यह दृश्य अविशवनीय जरूर लगता है, लेकिन हकीकत है। इधर भारत में अनाज का उत्पादन और भंडारण इतना बढ़ता जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2011-22 में खाद्य मंत्रालय को विदेश मंत्रालय से आग्रह करना पड़ा था कि दुनिया के कुछ ऐसे गरीब देश तलाशों, जिन्हें यह अनाज मुफ्त में बतौर मदद दिया जा सके, वरना इसे फेंकना पड़ेगा। इसीलिए जानी-मानी अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन संस्था डालबर्ग को एक अध्ययन के आधार पर कहना पड़ा था कि 97 प्रतिशत भारतीय मानते हैं कि चंद कमियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में भरोसा है। इसी भरोसे ने देश को विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था के पायदान पर खड़ा कर दिया है। कोरोना से जब दुनिया में हाहाकार मची हुई थी, तब नरेंद्र मोदी एकाग्रचित्त से भारत ही नहीं दुनिया का कोरोना से मुक्ति के लिए संघर्षरत थे। कोविड-19 की पहली लहर में जब

दुनिया उपचार के लिए दवा तय नहीं कर पा रही थी, तब भारत ने हाइड्रोक्सी-क्लोरोक्वीन गोलियां अमेरिका समेत पूरी दुनिया को उपलब्ध कराईं। नतीजतन दुनिया में मोदी की लोकप्रियता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस कालखंड़ में अमेरिका की एजेंसी मॉर्निंग कंसल्ट ने एक सर्वे किया। इस सर्वे में साफ हुआ कि मोदी की लोकप्रियता निरंतर न केवल बनी हुई है, बल्कि बढ़ी भी है। सर्वे में मोदी की प्रसिद्धी की दर 55 प्रतिशत रही। इसे सभी प्रमुख वैश्विक नेताओं में सबसे अधिक अंक मिले। रेटिंग एजेंसी फिच व एसबीआई ने कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियां लंबे समय तक बंद रहने के बावजूद माना की देश के आर्थिक हालात बेहतर हो रहे हैं। बिगड़ी आर्थिक व्यवस्था की चाल को सुधारने के लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास हो रहे हैं। नतीजतन आर्थिक समृद्धि भविष्य में बनी रहना तय है। फिच ने माना की सरकार ने श्रम और कृषि में जो कानूनी सुधार किए हैं। उससे बिचौलिए खत्म होंगे और देश खुशहाल होगा। 2014 में जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था बदहाल थी। महंगाई आसमान पर थी और दूरसंचार, कोयला, राष्ट्रमंडल खेल एवं आदर्श सोसायटी के घोटालों के उजागर होने से देश शर्मसार था। विदेशी पूंजी निवेश थम गया था। किंतु धीरे-धीरे संस्थागत सुधारों पर बल देते हुए सरकार ने बद्तर हालातों को पूरी तरह नियंत्रण में ले लिया है। यही वजह है कि पिछले तीन साल में 151 अरब डॉलर का पूंजी निवेश भारत में हुआ है। बीते वित्तीय वर्ष में यह उछाल 36 प्रतिशत रहा है। कर कानूनों में सुधार की दृष्टि से जीएसटी विधेयक पारित कराना क्रांतिकारी पहल रही। धन का लेन-देन पारदर्शी हो, इस नजरिए से डिजिटल आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए नोटबंदी करना साहसिक पहल थी। जनधन और उज्ज्वला जैसी योजनाओं पर तकनीकि अमल से गरीब को वास्तव में लाभ मिला है। नए कानून लाकर जमीन जायदाद के व्यापार और एनपीए पर जिस तरह से शिकंजा कसा है, उससे लगता है, भाविष्य में अब रियल स्टेट कारोबार में हेराफेरी और बैंकों से कर्ज लेकर विजय माल्या, नीरव मोदी एवं मेहुल चोकसी की तरह चंपत हो जाने वाले कारोबारियों की मुश्कें कसेंगी। इन उपायों से ऐसा लगता है कि देश का ढ़ांचागत कायांतरण हो रहा है। युवाओं को नए रोजगार सृजित करने की दृष्टि से स्टार्टअप और स्टेंडअप जैसी योजनाएं भी लागू की गईं। गोया, भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलना और देश को रेटिंग एजेंसियों द्वारा सम्मानजनक स्थान देना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के बिना संभव नहीं है। इस हेतु नरेंद्र मोदी ने एक के बाद एक बिना रुके, बिना थके ऐशियाई व पश्चिमी देशों की सैंकड़ों यात्राएं कीं। इन यात्राओं में मिली अप्रत्याशित सफलताओं ने प्रधानमंत्री को वैश्विक नेता के रूप में उभार दिया है। द्विपक्षीय रिश्तों में उन्होंने नए प्राण डाले। इन सभी यात्राओं की खास बात यह रही कि हिंदी में भाषण देने के बावजूद राष्ट्रीय ही नहीं, अंतराष्ट्रीय मीडिया में भी मोदी का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा है। पिछले कुछ दशकों में ऐसा माहौल भारतीय प्रधानमंत्री तो क्या अन्य किसी देश के मुखिया के विदेशी दौरों में दिखाई नहीं दिया। उनके इस जादू के असर का प्रमुख कारण स्पष्टवादिता, दृढ़ता और वैश्विक आतंकवाद को खत्म करने का कठोर संदेश रहा। मोदी के इसी आचरण के कारण ब्रिट्रेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरेन उनके प्रशंसकों की सूची में शामिल हो गए हैं। अपने पक्ष में मिले इस विश्वव्यापी समर्थन को देखते हुए ही, मोदी ने फिजी में कहा भी था कि 'भारत विश्व गुरु की भूमिका निभाएगा और अपनी ज्ञानशक्ति से विश्व का नेतृत्व करेगा।' दरअसल भविष्य का राजनीतिक नेतृत्व ज्ञान आधारित नेतृत्व पर ही टिका होगा, यह संभावना अमेरिका और ब्रिटेन भी जता चुके हैं। राष्ट्राध्यक्षों की विदेश यात्राओं के दौरान यह घटना विलक्षण ही होती है कि कोई मेजबान देश अतिथि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति को अपने देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था संसद में बोलने का अवसर दे ? लेकिन मोदी ने नेपाल, भूटान और फिजी की संसदों को तो संबोधित किया ही, विकसित देश आस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित करने का मौका मिला है। इस तरह किसी पश्चिमी देश की संसद को संबोधित करने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी की चतुरता प्रवासी भारतीयों को लुभाने में भी पेश आती रही है। इससे पहले देश का कोई प्रधानमंत्री अपने ही रक्त संबंधियों की भावनाओं को इस तरह सम्मोहित नहीं कर पाया ? आस्ट्रेलिया में 28 साल बाद तो फिजी में 33 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री अपने रक्त-संबंधियों से दुख-दर्द बांटने पहुंचा था। मोदी के पहले राजीव गांधी और इसके पहले इंदिरा गांधी फिजी गए थे। फिजी में 40 प्रतिशत भारतीय मूल के लोगों की आबादी है। इनमें से ज्यादातर ब्रिटिश शासनकाल 1879 से 1916 के बीच गिरमिटिया मजदूरों के रुप में ले जाए गए थे। फिजी की 83 फीसदी अर्थव्यवस्था वन संपदा, मछली और पर्यटन उद्योग पर टिकी है। लेकिन विडंबना है कि इस उद्योग के बड़े भाग पर वर्चस्व महज दो फीसदी गोरी आबादी का है। बावजूद फिजी की राजनीति में भारतवंशियों का दबदबा कायम है। 1997 में फिजी में जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तो उसके प्रधानमंत्री भारतवंशी महेंन्द्र सिंह चौधरी बने। फिजी में भारतीयों की अब राजनीति के साथ-साथ आर्थिक हैसियत भी बढ़ रही है। इसीलिए मोदी को फिजी की संसद को संबोधित करने का अवसर मिला था। फिजी भारत के निकटता अपनी ऐतिहासिक- सांस्कृतिक विरासत और हिंदी के कारण है। वहां हिंदी खूब पढ़ी व बोली जाती है। फिजी विश्व हिंदी सम्मेलन भी आयोजित कर चुका है। इंदिरा गांधी ने भी फिजीवासियों के इस मर्म को समझा था। इस कारण वे भी फिजी गई थीं और उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता में फिजी को महत्व दिया था। मोदी ने फिजी सरकार से कृषि व दुग्ध उद्योग के क्षेत्र में बढ़ावे का करार किया था। फिजी को डिजीटल क्षेत्र में भारत मदद कर रहा है। प्रवासी भारतीय हर साल अपने नाते-रिश्तेदारों को 70 अरब डॉलर भारत भेजते हैं। मोदी की निगाहें प्रवासी भारतीयों के इस निवेश को और बढ़ाने पर भी टिकी रही हैं। इसलिए प्रवासी भारतीय निरंतर भारत में निवेश कर रहे हैं। चूंकि ज्यादातर प्रवासी भारतीय गरीबी की हालत में अपने साथ धरोहर के रूप में गीता और रामायण साथ ले गए थे। मोदी ने इसी सांस्कृतिक विरासत को लेकर दुनिया के देशों की अनेक यात्राएं कीं, इसलिए दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीयों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। दूसरी तरफ वैश्विक आतंकवाद की खिलाफत और मोदी द्वारा सैंकड़ों देशों से नए धरातल पर बनाए द्विपक्षीय संबंधों ने मोदी की लोकप्रियता तो बढ़ाई ही, उन्हें वैश्विक नेता के रुप में स्थापित करने का काम भी किया है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन शाखा गदरपुर की हुई बैठक में करीब आधा दर्जन प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें प्रमुख रुप से वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में 50 प्रतिशत की छूट देने की मांग की गयी। आर्गनाइजेशन की बैठक श्री पुरातन शिव मंदिर कार्यालय में मोहन लाल अरोरा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में करीब आधा दर्जन से अधिक प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में गदरपुर के समाजसेवी संदीप चावला एवं उनके सहयोगी विकास भुसरी द्वारा नेत्रदान के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी। उपस्थित सदस्यों ने नगर में एक पॉलीटेक्निक कालेज खोलने ,सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों को पूर्ण करने, वरिष्ठ नागरिकों को रेलयात्रा में 50 प्रतिशत छूट देने ,नगर के सौन्दर्यकरण करने तथा पार्कों के सही रख रखरखाव की मांग की गयी। बैठक में केवल कृष्ण खुराना, विनोद कुमार शुक्ला, नत्थू लाल चन्द्रा, छत्रपाल गंगवार, वीएस यादव, सुबोध शर्मा, राम प्रसाद ध्यानी, प्रभाकर तिवारी, श्रीमती पुष्पा अरोरा, संदीप चावला, विकास भुसरी आदि मौजूद थे।

श्री शिव काँवर सेवा समिति करायेगी 11 कन्याओ का सामूहिक विवाह

सितारगंज(उद संवाददाता)। श्री शिव काँवर सेवा समिति मौनी बाबा मन्दिर द्वारा 11 कन्याओं का शुभ सामूहिक विवाह 10 फरवरी दिन शुक्रवार को कराया जाएगा। सामूहिक विवाह के उपलक्ष्य में 8 फरवरी दिन बुधवार को एक अखण्ड रामायण का पाठ किया जाएगा। सोमवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समिति ने बताया कि। सामूहिक विवाह के दूल्हों की बारात मौनी बाबा मन्दिर से श्री दुर्गा ज्योतिपीठ होते हुये श्री रामलीला मैदान पहुँचेगी। इस दौरान वर वधु को अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा उपहार एवं आशीर्वाद दिया जाएगा। सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा जी होंगे। इस मौके पर बैठक में दीपक गुप्ता, आनन्द सिंह वोरा, विनय गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, नितिन चौहान, प्रकाश सिंह, मनोज कुमार शर्मा, विजय सक्सेना, अनिल नारंग, प्रिंस गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने नशे के एक और कारोबारी को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 41 पाउच कच्ची शराब बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर कि इसी दौरान उसने भट्टा कॉलोनी स्थित ट्यूबवेल के पास से संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए ग्राम थारी रामनगर निवासी मलकीत सिंह पुत्र भगवान सिंह को शक के आधार पर धर दबोचा लिया।

मुकदमे में गवाही न देने पर परिवार से मारपीट

काशीपुर(उद संवाददाता)। कातिलाना हमले के एक मामले में मुकदमे में पक्ष में गवाही न देने पर आरोपियों ने घर में घुसकर पीड़ित परिवार के साथ मार पिटाई करते हुए एक बार फिर से उन्हें मौत के घाट उतारने की धमकी दी है। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ रपट दर्ज करते हुए घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटरा मालियान निवासी शुभम यादव पुत्र स्वर्गीय आनंद कुमार यादव ने बताया कि बीते 3 फरवरी की रात्रि लगभग 8:30 बजे जब वह परिवार के साथ घर में मौजूद था इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली उपरोक्त मोहल्ला निवासी ललित यादव, अमित यादव व कांता यादव अचानक घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगेगी न्यायालय में लंबित चल रहे 307 के मुकदमे में यदि पक्ष में गवाही नहीं दी तो परिवार को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। इस दौरान उपरोक्त तीनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट भी किया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर बेहद डरा हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ धारा 147/452/504/506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

शील बाड़ेछीना की टीम ने सल्ला की टीम को हराया

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा विधानसभा के भैसियाछाना ब्लाक के ग्राम खास तिलाड़ी में चल रहे स्वर्गीय कुंदन सिंह गैलाकोटी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर रविवार को उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री माननीय बिट्टू कर्नाटक युवाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए पहुंचे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शील बाड़ेछीना तथा सल्ला के बीच खेला गया जिसमें शील (बाड़ेछीना) की टीम 13 रनों से विजयी रही। शील बाड़ेछीना की टीम ने 90 तथा सल्ला की टीम ने 77 रन बनाए।इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य होते हैं।

उन्होंने युवाओं से नशे से भी दूर रहने की अपील की।श्री कर्नाटक ने युवाओं से कहा कि 'अगर नशा करना ही है तो मेहनत का नशा करो,ये नशा ऐसा है जिससे कामयाबी जरूर मिलती है।किसी भी देश का विकास उस देश के युवाओं पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है। क्योंकि युवा ही राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा होता है। राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है,जिसकी उपलब्धियों से उस राष्ट्र का विकास होता है।राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है।ऐसा इसलिए कि युवा ही राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका का निर्माण करते हैं।युवाओं में समाज का वह क्षेत्र शामिल होता है,जो अभी तक विकास को परिलक्षित करता है और एक राष्ट्र के लिए भाग्य का निर्माता होता है।वह बचपन से वयस्क बनने तक के बीच का चरण होता है।प्रत्येक व्यक्ति जीवन के इन्हीं रास्तों से होकर गुजरता है। कार्यक्रम में आयोजक ठाकुर सिंह गैलाकोटी, क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय तिलाड़ा,रघुनाथ सिंह गैलाकोटी,नन्दन सिंह गैलाकोटी,इन्द्र सिंह तिलाड़ा,बची सिंह गैलाकोटी,सोबन सिंह तिलाड़ा, राजेन्द्र सिंह मलवाल,मोहन सिंह सुप्याल,शेखर सिंह सुप्याल,कलावती देवी,राधिका देवी,मोहिनी देवी,जमुना देवी, जगदीश राम,नन्दन सिंह गैला कोटी, कमल सिंह गैलाकोटी, प्रताप राम,बहादुर सिंह,जगदीश राम, बसन्त बल्लभ भट्ट, चन्द्रशेखर आर्य, अनिल कुमार उपस्थित रहे। वाचक की भूमिका में गोपाल सिंह जीना, शंकर सिंह सुप्याल,अंपायर की भूमिका में नन्दन सिंह गैलाकोटी, मनोज सिंह पिलख्वाल तथा स्कोरर की भूमिका में कमल कुमार उपस्थित रहे।

विद्युत चोरी में दो और नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि ग्राम खरवासा कुंडेश्वरी निवासी अजय कुमार पुत्र रिशिपाल तथा ब्रह्मनगर कुंडेश्वरी निवासी गुरमीत सिंह पुत्र हरपाल सिंह पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

कुंजवाल के नेतृत्व में निकली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

जागेश्वर(उद संवाददाता)। जागेश्वर विधानसभा में कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने धौलादेवी ब्लाक की ध्याड़ी न्याय पंचायत में ध्याड़ी बाजार से ग्राम आनुली तक पैदल यात्रा की।यात्रा में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।ग्राम आनुली में हरीश रावत के आंगन में चौपाल लगाकर कुंजवाल ने जनता को सम्बोधित किया।इस दौरान उन्होंने देश व प्रदेश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की।श्री कुंजवाल ने कहा कि वर्तमान में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि आम जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है।उत्तराखण्ड में बेरोजगारी की दर इतनी बढ़ चुकी है कि युवा लगातार अवसाद की ओर जा रहा है।महंगाई से आम जनता का जीवन यापन करना भी मुश्किल हो रहा है।इसके बाद यात्रा प्रभारी पूरन बिष्ट,प्रशांत भैसोड़ा व दीवान सिं हभैंसोड़ा ने भी सभा को सम्बोधित किया।इस दौरान सर्व सम्मति से जगदीश भैसोड़ा को न्याय पंचायत ध्याड़ी का अध्यक्ष चुना गया इसके पश्चात कुंजवाल ध्याड़ी में पूर्व कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष धन सिंह मेहता की कुशलक्षेम पूछने गये तत्पश्चात कुंजवाल पूर्व अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष प्रकाश भारती के आवास पर पहुंचे तथा उनकी माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान प्रेमसिंह, ललित राम, कुन्दन सिंह, चन्द्र शेखर,गोपाल सिंह, पानसिंह बिष्ट,सोबन सिंह, राजेन्द्र सिंह,विमल सिंह,लीलाधर पन्त, ललित बिष्ट,चन्दन गैड़ा,नन्दन सिंह, प्रताप सिंह,सतीश पन्त, ललित मोहन गैड़ा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष...

तुर्की और सीरिया...ब्रॉडकास्टर टीआरटी की तस्वीरों के मुताबिक, तुर्की में इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है और लोग बचने के लिए बर्फीली सड़कों पर जमा हो गए हैं। रॉयटर्स के अनुसार, भूकंप लगभग एक मिनट तक आया और इससे कई इमारतें गिर गईं और कई मकानों की खिड़कियां टूट गईं। तुर्की में भूकंप के चलते लोगों की मौत पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि तुर्की में जनहानि और संपत्ति के नुकसान से मैं काफी दुखी हूं। पीएम ने कहा कि भारत तुर्की के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने को तैयार है। मीटिया रिपोर्ट की मानें तो मलत्या, दियारबाकिर और मालट्या के पड़ोसी प्रांतों में भी कई इमारतें गिर गईं। हालांकि, हताहतों की संख्या पर तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। भूकंप के झटके लेबनान और सीरिया में भी महसूस किए गए। तुर्की के अधिकारियों ने अभी तक किसी के मरने या घायल होने की सूचना नहीं दी है, लेकिन सोशल मीडिया नेटवर्क पर पोस्ट किए गए वीडियो में कई इमारतों को धराशायी हुई दिखाया गया है।

1500 रूपये लूटने...की गयी थी। एसपी अभय सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि घटना की गम्भीरता को देखते हुये आने-जाने वाले घटना स्थल के समस्त मार्गो के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया गया अभियोग में नामजद अभियुक्तों गौतम बाल्मीकि ,रवि उर्फ भोगली तथा दीपक को फुटेज के आधार पर गिरफतार किया गया। पूछताछ में पकड़े गये आरोपी दीपक कुमार पुत्र भूप सिंह निवासी सैनिक कालोनी चांदपुर प्रतापपुर ने बताया कि उसकी दोस्ती मुकेश कुमार के साथ थी। वह अक्सर साथ बैठकर शराब पीते थे। उसने ही मुकेश कुमार की दोस्ती रवि कुमार उर्फ गोगली पुत्र रामू निवासी हनुमान कालोनी काशीपुर व गौतम बाल्मीकि पुत्र राजू राम निवासी गुरूद्वारा के पास प्रतापपुर काशीपुर से करायी थी। पहले भी दो तीन बार वह लोग मुकेश कुमार के कमरे में गये थे। मुकेश अक्सर दीपक के घर आता था। दीपक ने बताया कि वह उसकी रिश्तेदारी में आता है। अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर एसपी अभय सिंह ने बताया 29 जनवरी 2023 को दीपक,रवि और गौतम प्रतापपुर बाजार में मिले। दीपक ने बताया कि मुकेश के पास पांच पांच सौ रूपये की नोटों की गड्डी है और मुकेश लड़की की व्यवस्था के लिये कह रहा है। जिसके बाद दोनों पैदल पैदल जंगल गये तथा मुकेश को बताया कि लड़की की व्यवस्था हो गयी है, मुकेश आ गया था परन्तु वहाँ पर दिन में लोगों की आवाजाही के कारण मुकेश कुमार को मारने की हिम्मत नहीं हुयी। उसके बाद मृतक मुकेश कुमार के साथ जाकर कच्ची शराब खरीदकर लाये शाम लगभग साढ़े छह बजे तीनों मुकेश कुमार के घर चले गये। वहाँ पर तीनों ने शराब पी। जब मुकेश को ज्यादा नशा हो गया तो मुकेश सो गया तब मुकेश कुमार को ठिकाने लगाने की पूरी तैयारी की ।रवि कुमार उर्फ गोगली को मुकेश कुमार की घर की छत पर निगरानी के लिये भेज दिया वह आने जाने वाले लोगों पर नजर रखने लगा तब दीपक और गौतम ने मुकेश की चाकू एवं सरिया से हत्या कर लाश को बैंड में छिपा दिया और उसकी जेब से 1500 रूपये निकालकर आपस में बांट लिये। कमरे में ताला लगाकर तीनों लोग फरार हो गये थे। मुकेश का फोन दीपक ने अपने पास रखा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू, सरिया, मृतक की मोटरसाईकिल, मोबाइल और कमरे की चाबी भी बरामद कर ली है।

कुख्यात तस्कर .. है, पूछताछ में उसने बताया कि यह लीसा जनपद अल्मोड़ा के सोमेश्वर क्षेत्र से लाए थे। मामले में हल्द्वानी वन विभाग में दोनों तस्करों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41,42,51व 52 तथा अन्य वन उपज अधिनियम 1976 की धारा 4, 10 ,13 और 14 में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। गिरफ्तार तस्कर जगमोहन सिंह काफी समय से लीसा तस्करी का अपराध कर रहा था उसके विरुद्ध पूर्व में हल्द्वानी में लीसा तस्करी का एक मुकदमा तथा वर्ष 2017 में शराब तस्करी का एक मुकदमा दर्ज है। एसटीएफ इस मामले में उन लोगों की भी जानकारी जुटा रही है जिनके द्वारा अवैध रूप से वन संपदा लीसे का उपयोग और भारी मात्रा में क्रय विक्रय किया जाता है। एसटीएफ की इस कार्यवाही में आरक्षी विरेंद्र चौहान की विशेष भूमिका रही। गिरफ्तार करने वाली एसटीएफ टीम में उपनिरीक्षक बृजभूषण गुरुरानी,आरक्षी वीरेंद्र चौहान,आरक्षी मनमोहन सिंह, आरक्षी अमरजीत सिंह के अलावा वन विभाग से वन क्षेत्राधिकारी उमेश चंद्र आर्य, उप वन क्षेत्राधिकारी तपन सरकार, वन दरोगा विपिन चंद्र, वन रक्षक रघुवीर सिंह रजवार आदि मौजूद रहे।

बेकाबू ट्रक की टक्कर से...में भर्ती अपने ससुर के स्वास्थ्य को देखना जा रहा था कि जैसे ही वह समय करीब सुबह 10:45 बजे केवीआर अस्पताल के पास पुल से नीचे मुरादाबाद से काशीपुर मार्ग पर उतरा तभी पीछे से तेजी व लापरवाही से चलाकर ला रहे अज्ञात ट्रक चालक ने उसकी मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी । हादसे में भगवती 40 वर्ष पत्नी ध्यान सिंह की ट्रक की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आरती पत्नी श्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को राहगीरों ने तत्काल ही पास में ही स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना श्याम सिंह ने अपने परिजनों को फोन पर दे दी है। दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही मृतक परिवार में मातमी कोहराम मच गया। उधर दूसरी ओर पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया है।

पैसा दोगुना करने...पें द्वारा ट्रांसफर किये गयें उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे झासे में लेने हेतु 12 हजार रूपये प्रोफिट के उसके खाते में क्रेडिट किये गये। इसके बाद वह उस व्यक्ति के झासे में आ गया और उनके अनुसार अधिक लाभ कमाने के लिए चार किश्तो में कुल 6.60 लाख की धनराशि उनके बताए गए खाते जमा की गई। उसके द्वारा जब और अन्य धनराशि की मांग की गई तब उसे ठगी का एहसास हुआ। डिकेन्द्र रावत का कहना है उपरोक्त व्यक्ति द्वारा फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर सोशल मीडिया का प्रयोग करते हुए उसके साथ कुल 6.60 लाख रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिडकुल में गैस रिसाव...बाहर खुले मैदान में ले गए। जहां हो रहे हाइड्रो क्लोरिन एसिड रिसाव को सुरक्षित स्थान पर खाली कर उसे नष्ट किया गया। दमकल के करीब दो वाहनों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद हाइड्रो क्लोरिन एसिड को नष्ट किया गया। सीएफओ वंश बहादुर यादव ने बताया की सूचना मिली थी की नेस्ले कंपनी में साफ सफाई के लिए मंगाया गया हाइड्रो क्लोरिन एसिड टैंकर से रिसाव हो रहा था। दो फायर टेंडर की मदद से हाइड्रो क्लोरिन एसिड को नष्ट किया गया।

विकासभवन में...रमेश जोशी, बसंत सिंह, रवि पाठक, जितेंद्र कुमार, हेमंत पांडे, राहुल सिंह राणा, रश्मि चौधरी, दिनेश यदुवंशी, नीतिन गाबड़ी, रवि सागर, राजवीर, पुष्कर पंत, मनदीप राणा, गोविंद सिंह रावत, ऋषभ शर्मा, हिमांशु चंद्रा, भारत भूषण, अरविंद गुप्ता, दीपक अरोरा, एनके गोस्वामी, बलवंत रावत, चेतन चेतन बमेठा, दिनेश राणा आदि मौजूद थे।

अपर संख्याधिकारी...नम्बर आदि अंकित करने पर मेरे स्टेट बैक, सिडकुल ब्रांच से 10 हजार व 40 हजार रूपये निकल गये। इसमें उनके एसएमएस में उक्त धनराशि के ओटीपी भी आये लेकिन उन्होंने कोई भी ओटीपी शेयर नहीं किया गया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा कम्प्यूटर संसाधनों का प्रयोग कर ऑनलाईन के माध्यम से उनके साथ 50 हजार रूपये की धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सौरभ सक्सेना गलत संगत में पड़ कर परिजनों से झगड़ा करता है। मेरा कहना नहीं मानता। उसके कृत्यों से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे अपने पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में सौरभ सक्सेना द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

भगवान स्वरूप पुत्र श्री नत्थू लाल
निवासी-मकान नंबर 315, वार्ड नंबर 06,
भूत बंगला , रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)

सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र चेतन आनंद परिवार का कहना न मानकर क्लेश करके परिजनों का मानसिक उत्पीड़न करता है। उसके कृत्यों से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में चेतन आनंद द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

चमन आनंद पुत्र श्री राम आनंद
निवासी वार्ड नंबर 05, खेड़ा कालोनी ,
रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा Online से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कही ना मिले
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)